सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-252
06/06/2017

यू0एन0डी0पी0 के कंट्री डायरेक्टर ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

पटना, 06 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में यू0एन0डी0पी0 के कंट्री डायरेक्टर श्री जैको सिलियर्स ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान यू0एन0डी0पी0 के एडिशनल कंट्री डायरेक्टर श्री राकेश कुमार, मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट श्री रत्नेश तथा यू0एन0डी0पी0 बिहार के सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री रणपाल सिंह भी शामिल थे।

शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुयी। यू0एन0डी0पी0 के कंट्री डायरेक्टर ने बिहार विकास मिशन के कार्यों के अनुश्रवण के संबंध में तकनीकी सहायता प्रदान करने के साथ–साथ स्वास्थ्य, शिक्षा इत्यादि क्षेत्रों के अनुश्रवण में भी तकनीकी सहायता प्रदान करने के संबंध में इच्छा जताई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा उपस्थित थे।

******